जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 55
दिनांक 29.04.2024

जनेकृविवि का सूक्ष्म जीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र:देश में अद्वितीय

केन्द्र में विभिन्न फसलों हेतु 16 प्रकार के उच्च गुणवत्तायुक्त जैवउर्वरक कृषकों हेतु उपलब्ध

जबलपुर 29 अप्रैल, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलगुरू डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी.एस.कुल्हारे के मार्गदर्शन में कृषकों हेतु विभिन्न फसलों के लिये जैव उर्वरक उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं जो कि जैविक कृषि के प्रमुख आदान के रूप सर्वोत्तम सिद्ध हो रहे हैं। साथ ही इनकी लोकप्रियता प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इस दौरान मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के अंतर्गत संचालित सूक्ष्म जीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा जैविक कृषि के प्रमुख आदान जवाहर जैव उर्वरक का उत्पादन किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा फसलों में उपयोग हेतु सूक्ष्म जीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा 16 प्रकार के उच्च गुणवत्ता के जैव उर्वरकों को केन्द्र के प्रमुख डॉ. वाय.एम.शर्मा की देखरेख में वैज्ञानिकों के कुशल नेतृत्व में तैयार किया जाता है। जैविक उत्पादों के उपयोग से फसलोंत्पादन में वृद्धि के साथ ही मृदा का स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सार्थक सुधार के प्रमाण मिलते हैं।

गौरतलब है कि सूक्ष्म जीव अनुसंधान व उत्पादन केन्द्र द्वारा विविध फसलों हेतु उत्पादित 16 प्रकार के प्रमुख जवाहर जैवउर्वरक में जवाहर राईजोबियम, जवाहर एजोटोबेक्टर, जवाहर एजोस्पिरिलम, जवाहर एसीटोबेक्टर, जवाहर माईकोराइजा, जवाहर पोटाश घोलक जीवाणु (के.एस. बी.), जवाहर नीलरहित काई (बी.जी.ए.) कल्चर, जवाहर फॉस्फेट घोलक जीवाणु (पी.एस.बी), जवाहर जिंक घोलक, जीवाणु (जेड.एस.बी.), जवाहर स्यूडोमोनास, जवाहर ई.एम. कल्चर, जवाहर बॉयोफर्टिसॉल, जवाहर बैक्टोबूस्टर, जवाहर ट्राईकोडर्मा, जवाहर विघटक–1, जवाहर जैव विघटक–2, उत्पादों की श्रृखला कृषकों हेतु कम लागत व गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध हैं। इन उत्पादों का कृषक भाई अपने खेतों में रबी,खरीफ एवं जायद की विभिन्न प्रकार की फसलों में किचिन गार्डन, टैरेस गार्डन, फलोद्यान व फूलों की खेती में उपयोग कर उत्पादकता के साथ भूमि की उर्वरता में सकारात्मक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जैव उर्वरकों का सही मात्रा में फसल विशेष के उपयोग हेतु जानकारी के लिये केन्द्र के प्रमुख डॉ. वाई.एम.शर्मा, वरिष्ट वैज्ञानिक मो.नं. 8989445355 एवं डॉ. राकेश साहू, वैज्ञानिक एवं डॉ. एफ.सी.अमूले, वैज्ञानिक जवाहर जैव उर्वरक केन्द्र में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।